आइआइएम रांची में ह्यूमन लाइब्रेरी कार्यक्रम, साझा किये अनुभव

रांची. आइआइएम रांची में मंगलवार को ह्यूमन लाइब्रेरी कार्यक्रम हुआ. डेनमार्क के कंसेप्ट से प्रेरित कार्यक्रम में दो लोग के आपसी संवाद से विचारों व अनुभवों को साझा किया गया. इसके अलावा लोगों से पुस्तक उधार लेकर पढ़ने की परंपरा को बढ़ाया गया. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. प्रतियोगिता के लाइब्रेरी इवेंट में किताब उधार लेकर व्यक्ति से जुड़ने की प्रक्रिया पूरी की गयी. साथ ही आपसी संवाद से पाठक और व्यक्ति के बीच विचारों का आदान-प्रदान कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी. संवाद के दौरान प्रतिभागियों ने व्यवसाय, धर्म, संस्कृति आदि की चर्चा की.

Prabhat Khabar_21.12.2022_Pg.6